nt>

Title: Need to implement 'One rank-one pension' scheme for Defence personnel.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : उपाध्यक्ष महोदय, सेना से पूर्व में रिटायर हुए और वर्तमान में रिटायर हो रहे सेनाकर्मियों की पेंशनों में बहुत विसंगति है, जिससे सैनिकों में असंतोा, रोा और क्षोभ है। विगत अनेक वाा से भू.पू. सैनिक एक रैंक एक पेंशन सिद्धान्त को लागू करने का निवेदन करते रहे हैं। मैंने भी 12वीं, 13 वीं लोक सभा में इसे लागू करने का निवेदन किया था। अब 14वीं लोक सभा सदस्य के नाते आग्रह कर रहा हूं कि इस विसंगति को दूर किया जाए।

पांचवे वेतन आयोग की सिफारिशों के उपरांत रक्षा मंत्री ने इस बारे में एक विशो समिति गठित की थी जिसे इस समस्या के समाधान हेतु अपनी अनुशंसाएं देनी थीं, लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ है। अधिकारीवर्ग को तो कुछ राहत दी गई है, लेकिन निचले स्तर के विभिन्न रैंकों के सेवानिवृत्त सैनिकों की पेंशन में अभी भी भारी विसंगति है। मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि **"वन रैंक वन पेंशन"**के सिद्धान्त को शीघ्र लागू किया जाए।